# मेरे गुण अवगुण को पलड़े में ना तोलो तो अच्छा होगा लिरिक्स

मेरे गुण अवगुण को पलड़े में,
ना तोलो तो अच्छा होगा,
मेरे सिर पे गगरिया पापों की,
ना खोलो तो अच्छा होगा,
मेरे गुण अवगुण को पलडे में,
ना तोलो तो अच्छा होगा।**bd**।

तर्ज – अब सौंप दिया।

---

कितने वादें करके भगवन,
पाया तुमसे मानव का तन,
मैंने वो निभाए है की नहीं,
ना बोलो तो अच्छा होगा,
मेरे गुण अवगुण को पलडे में,
ना तोलो तो अच्छा होगा।**bd**।

---

मेरे पापों मेरे पुण्यों का,
अच्छे या बुरे सब कर्मो का,
है तेरे पास हिसाब मगर,
ना जोड़ो तो अच्छा होगा,
मेरे गुण अवगुण को पलडे में,
ना तोलो तो अच्छा होगा।**bd**।

---

ना सेवा की ना पूजा की,
फिर भी तुमसे है आस लगी,
'सोनू' ये झूठा भरम सही,
ना तोड़ो तो अच्छा होगा,
**Bhajan Diary Lyrics,**
मेरे गुण अवगुण को पलडे में,
ना तोलो तो अच्छा होगा।**bd**।

---

मेरे गुण अवगुण को पलड़े में,
ना तोलो तो अच्छा होगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे सिर पे गगरिया पापों की,
ना खोलो तो अच्छा होगा,
मेरे गुण अवगुण को पलडे में,
ना तोलो तो अच्छा होगा।bd।

**Singer – Saurabh & Keshav Madhukar**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com